रजिस्ट्री सं॰ डी॰ (डी॰ एन॰)-127 REGISTERED NO. D (D.N.) 127

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं॰ 24] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 26, 1989/आश्विन 4, 1911
No. 24] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 26, 1989/ASVINA 4, 1911

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY 1/2/90

दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरी, आफ इंडिया (कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 के अंतर्गत गठित)

नई दिल्ली, 16 सितम्बर, 1989

फाइल सं. 104/17 लेखें:— 31 मार्च 1989 को समाप्त वर्ष की दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरी आफ इण्डिया की परिषद् की नौवीं वार्षिक रिपोर्ट

प्रस्तावना

1. कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 18 (5) के अनुसरण में दि इंस्टीट्यूट आफ कम्पनी सेक्रेटरीज इण्डिया की परिषद 31 मार्च 1989 को समाप्त वर्ष की नौवीं वार्षिक रिपोर्ट और इस अवधि के लेखों के लेखा-परीक्षित विवरण तथा उन पर इंस्टीट्यूट के कामकाज की लेखा परीक्षक की रिपोर्ट सहर्ष प्रकाशित करती है। वर्ष की गतिविधियों के अलावा रिपोर्ट में रिपोर्ट की तारीख तक महत्वपूर्ण गतिविधियों को भी शामिल किया गया है।

नई घटनाएं

2. कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत नियुक्ति के लिए नियम और सचिव की अर्हताएं।

यह अत्यन्त संतोष की बात है कि भारत सरकार ने इंस्टीट्यूट के विचारों पर विचार करने के बाद कम्पनी (सचिव की नियुक्ति और अर्हताएं) नियमावली, 1988 का निर्धारण किया है, जिसमें धारा 383-क के अधीन पूर्णकालिक सचिव की अनिवार्य नियुक्ति के लिए 25 लाख रुपए की प्रदत्त पूंजी को वर्तमान सीमा को बनाए रखा है और यह भी निर्धारित किया है कि 25 लाख रुपए से कम प्रदत्त शेयर पूंजी वाली कम्पनियों में पूर्णकालिक सचिव की नियुक्ति के लिए अर्हताओं में से एक अर्हता इंस्टीट्यूट की इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करना है। साथ ही साथ सरकार ने 1 दिसम्बर 1988 से कम्पनी अधिनियम की संशोधित धाराएं 2 (45) और 383-क को भी लागू कर दिया है।

संगठनात्मक ढांचा

3. परिषद्

3.1 नई चुनाव-पद्धति के अधीन चुनाव

जैसा कि पिछली वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया था कि कम्पनी सचिव विनियमावली 1982 को 22-8-1988 से मुख्य रूप से परिषद् और चार क्षेत्रीय परिषदों की चुनाव व्यवस्था और प्रक्रिया में परिवर्तन के लिए संशोधित किया गया। प्रभावित संशोधनों के अनुसार परिषद् और चार क्षेत्रीय परिषदों के एकल अन्तरणीय मत द्वारा मतदान की वरीयता-क्रम प्रणाली के अधीन चुनाव कराए गए। प्रत्येक क्षेत्रीय चुनाव-क्षेत्र के लिए परिषद् के सदस्य केवल उसी चुनाव क्षेत्र के सदस्यों द्वारा चुने गए। जिस कस्बे या शहर में उसके अधिकार क्षेत्र में कम से कम 25 मतदाता हैं, वहां सदस्यों को केवल वहीं के पोलिंग बूथों पर मतदान करना था। सीमित प्रचार की अनुमति दी गई जिसके अनुसार उम्मीदवार परिषद् के निर्दिष्ट मार्ग निर्देशों के अनुसार मतदाताओं का एक परिपत्र जारी कर सकता है। विनियमों में इससे पहले किए गए संशोधनों के अनुसार चुनाव

करने के लिए सामान्य रूप से देख रेख के लिए पहली बार एक चुनाव समिति गठित की गई और परिषद् ने जांचकर्ताओं की एक सूची तैयार की, जिसे सुरक्षा के अतिरिक्त उपाए के रूप में नाम-पत्रों की जांच करनी थी तथा उद्देश्य के संरक्षण को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना था ताकि चुनाव प्रणाली में पूर्ण विश्वास उत्पन्न किया जा सके।

3.2 परिषद् के सदस्यों का चुनाव :-

द्वितीय निर्वाचित परिषद् की तीन वर्ष की कालावधि 31 दिसम्बर, 1988 को समाप्त हो गई। कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (2) के खण्ड (क) के उपबन्धों के अनुसरण में पहली बार संशोधित नियमों के अनुसार वर्ष 1988 की अन्तिम तिमाही में परिषद् के तृतीय चुनाव सुचारू रूप से सम्पन्न हुए और निम्नलिखित बारह फैलो सदस्य परिषद् के लिए चुने गए :

पूर्वी भारत क्षेत्रीय चुनाव क्षेत्र

1. श्री बी.पी. धनुका
2. श्री श्यामल सेन

उत्तरी भारत क्षेत्रीय चुनाव क्षेत्र

1. श्री ओ.पी. दानी
2. श्री डी.सी. जैन
3. श्री हरीश के. वैद

दक्षिणी भारत क्षेत्रीय चुनाव क्षेत्र

1. श्री टी.वी. पद्मनाभन
2. श्री डी.के. प्रह्लाद राव
3. श्री पी.टी. रंगामणि

पश्चिमी भारत क्षेत्रीय चुनाव क्षेत्र

1. श्री बिपिन एस. आचार्य
2. श्री एस.डी. इमरानी
3. श्री ए.एन. सवारे
4. श्री एन.जे.एन. वजीफदार

3.3 सरकारी नामिती : कम्पनी सचिव अधिनियम 1980 की धारा 9 की उपधारा (2) के खण्ड (ख) के अधीन चार सदस्यों को नामित करने के लिए प्रदत्त शक्तियों के अनुसार केन्द्रीय सरकार ने तृतीय निर्वाचित परिषद् के लिए तीन वर्ष की अवधि के लिए आरम्भ में निम्नलिखित तीन तीन व्यक्तियों को नामित किया :

1. श्री वी.पी. गुप्ता
2. श्री वी.के. मजोत्रा
3. श्री वी.पी. आर. विट्ठल

बाद में 25 मई, 1989 को श्री वी.के. पोद्दार का चौथे सरकारी नामिती के रूप में परिषद् में शेष अवधि के लिए नामित किया।

3.4 परिषद् का संविधान : 1 जनवरी 1989 को नई परिषद् यथाविधि गठित की गई। सभी निर्वाचित सदस्यों ने इस तारीख से तीन वर्ष के लिए कार्यभार संभाल लिया और वे इस रिपोर्ट की तारीख तक अपने पदों पर चल रहे थे।

3.5 बैठकें : परिषद् ने वर्ष के दौरान 7 बैठकें रखी।

3.6 परिषद् की 50वीं बैठक : 1 जनवरी 1981 से सांविधिक संस्था के रूप में गठित इंस्टीट्यूट की परिषद् की 50वीं बैठक को इससे पूर्व की परिषद् ने 31-12-1988 को स्वर्ण जयन्ती बैठक के रूप में मनाया जो आई.सी.एस.आई. हाउस नई दिल्ली में रखी गई थी। इस अवसर पर पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् द्वारा 'प्रभारों का पंजीकरण' विषय पर प्रकाशित एक अनुसंधान प्रकाशन को जारी किया गया।

4. अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष

1 जनवरी 1989 की परिषद् की 51वीं बैठक में श्री बी.एस. डोराइस्वामी ने अध्यक्ष का पद छोड़ दिया। श्री श्यामल सेन को 1 जनवरी 1989 से एक वर्ष के लिए सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिया गया। इसी बैठक में श्री डी.सी. जैन को वर्ष 1989 के लिए सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुना गया। वर्ष 1988 में इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष के रूप में श्री डोराइस्वामी द्वारा की गई मूल्यवान सेवाओं के लिए परिषद ने उनकी सराहना की।

5. परिषद् की समितियां आदि :

अधिनियम की धारा 17 के प्रावधानों के अनुसार परिषद् ने तीन स्थायी और चार अन्य समितियां गठित की। इसके अलावा परिषद् ने एक संवर्ग योजना ग्रुप और कम्पनी सचिवीय प्रैक्टिस मैनुअल के लिए सलाहकार ग्रुप तथा 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' के उन्नीसवें खण्ड के लिए पुनर्गठित सलाहकार बोर्ड का गठन भी किया। इनकी संरचना रिपोर्ट के परिशिष्ट 'क' में दी गई है।

6. क्षेत्रीय परिषदें और शाखाएं :

6.1 क्षेत्रीय परिषदें

1 जनवरी 1986 को गठित द्वितीय निर्वाचित क्षेत्रीय परिषदों की तीन वर्ष की अवधि 31 दिसम्बर 1988 को समाप्त हो गई। सभी चारों क्षेत्रीय परिषदों के तृतीय चुनाव परिषद् के चुनावों के साथ साथ 1988 की अन्तिम तिमाही में हुए। नई क्षेत्रीय परिषदें 1 जनवरी 1989 से तीन वर्ष की अवधि के लिए यथाविधि गठित की गई। वर्ष 1988-89 के लिए चारों क्षेत्रीय परिषदों की वार्षिक रिपोर्टों में दी गई गतिविधियों से तैयार किए गए सारांश का इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ख' में दिया गया है।

6.2 शाखाएं : इस वर्ष उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद के अधीन उदयपुर में एक शाखा और दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद् के अधीन मंगलौर और पाण्डिचेरी में दो नई शाखाएं खोली गई। प्रशासनिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए नीलगिरि शाखा को कोयम्बटूर शाखा में मिला दिया गया। इस प्रकार अब कम्पनी सचिव विनियम, 1982 के विनियम 143 के अनुसार चार क्षेत्रीय परिषदों के क्षेत्राधिकार में इंस्टीट्यूट ने यथाविध 34 शाखाएं गठित कर ली हैं। शाखाएं विद्यार्थियों की शिक्षा तथा सदस्यों के व्यावसायिक विकास के लिए वर्ष के दौरान अपनी स्थानीय गतिविधियां चलाती रहीं।

6.3 क्षेत्रीय परिषदों और शाखाधिकारियों की बैठकें

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान प्रत्येक क्षेत्र में क्षेत्रीय परिषदों तथा शाखाओं के पदाधिकारियों और परिषद् के पदाधिकारियों के बीच बैठकों द्वारा क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं के बीच नियमित रूप से पारस्परिक संबंध बनाए रखने की प्रक्रिया चलती रही। इसके अलावा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सचिव ने चारों क्षेत्रीय परिषदों के अध्यक्ष के साथ जनवरी 1989 में बैठक रखी, जिसमें संबंधित क्षेत्रों में वर्ष के दौरान हुई वर्तमान गतिविधियों तथा और अधिक गति- विधियां चलाने के बारे में विचार विमर्श किया।

6.4 सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कारों का वितरण :—2 मार्च 1989 को बंगलौर में होटल अशोक में 17वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर श्री जॉ.एन. मेहरा, सचिव, उद्योग मंत्रालय, सार्वजनिक उद्यम और कम्पनी कार्य विभाग तथा अध्यक्ष केन्द्रीय विधि बोर्ड ने वर्ष 1987-88 के लिए निम्नलिखित सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कार वितरित किए :—

(1) वर्ष 1987-88 के लिए इंस्टीट्यूट की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय शाखा के रूप में अधिनिर्णीत होने के कारण चल रजत शील्ड और प्रशस्ति पत्र तथा पश्चिमी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा के लिए प्रमाण पत्र। — अहमदाबाद शाखा

(2) पूर्वी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शाखा होने के कारण प्रशस्ति प्रमाण-पत्र। — रांची शाखा

(3) उत्तरी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शाखा होने के कारण प्रशस्ति प्रमाण पत्र। — कानपुर शाखा

(4) दक्षिणी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्रीय शाखा होने के कारण प्रशस्ति प्रमाण-पत्र। — बंगलौर शाखा

6.5 आर.बी.जी.एम. मोदी सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कार की पुन:स्थापना

मैसर्स मोदी रबड़ लि० द्वारा संस्थापित पुरस्कार एवार्ड को पुनः उक्त फ़र्म ने वर्ष 1987-88 में राय बहादुर गूजरमल मोदी सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कार के रूप में आरम्भ कर दिया है। इंस्टीट्यूट को मैसर्स मोदी रबड़ लि. से इस पुरस्कार का 25,000 रुपए का अंशदान अब प्राप्त हो गया है, जो वर्ष 1987-88 के लिए राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ शाखा के रूप में अहमदाबाद शाखा को एक समुचित समारोह में प्रदान किया जाएगा।

7. नौकरी और/या प्रैक्टिस के लिए सदस्यता

7.1 सदस्यता : इस वर्ष 547 व्यक्तियों को एसोसिएट सदस्य और 120 एसोसिएट सदस्यों को फ़ैलो सदस्यों के रूप में प्रवेश दिया गया। 31 मार्च, 1989 को इंस्टीट्यूट के रजिस्टर में 6669 सदस्य दर्ज थे, जिनमें 5179 एसोसिएट तथा 1490 फ़ैलो सदस्य थे। 30-6-1989 को यह संख्या क्रमशः 6880, 5341 तथा 1539 थी। वार्षिक फ़ीस की अदायगी न करने, मृत्यु अथवा त्याग पत्र देने के कारण 213 सदस्यों के नाम रजिस्टर में से काट दिए गए, जिनमें से 18 फ़ैलो और 195 एसोसिएट सदस्य हैं। परिषद् को वर्ष के दौरान 18 सदस्यों की मृत्यु की रिपोर्ट देते हुए दुख है। 31 मार्च 1989 को विदेश में रहने वाले सदस्यों की संख्या 122 थी।

7.2 प्रैक्टिस प्रमाण-पत्र : वर्ष के दौरान 258 सदस्यों को प्रैक्टिस के लिए प्रमाण पत्र जारी किए गए और वर्ष के अन्त में 1192 सदस्यों के पास प्रैक्टिस प्रमाण पत्र थे, जबकि 30-6-89 को यह संख्या 1240 है। 131 सदस्यों के प्रमाण पत्र वार्षिक फ़ीस न देने, मृत्यु प्रमाण पत्र वापस कर देने या प्रमाण पत्र के नवीकरण की पात्रता न रहने के कारणों से रद्द कर दिए गए।

7.3 सदस्यों की वृद्धि और प्रैक्टिस प्रमाण पत्र धारी सदस्यों के बारे में एक तालिका इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ग' में दी गई है।

7.4 सदस्यों की सूची : विनियम 161 के साथ पठनीय कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की धारा 19 (3) के अनुसरण में 1 अप्रैल, 1989 को सदस्यों की एक सूची प्रकाशित कर दी गई है, जो सदस्यों को उनके अनुरोध करने पर सप्लाई की जाएगी।

8. व्यावसायिक विकास और अनवरत शिक्षा

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट ने सेवारत तथा प्रैक्टिसरत सदस्यों के लिए तथा साथ ही सार्वजनिक उद्यमों में मध्य और उच्च स्तर पर कार्य कर रहे एक्जीक्यूटिवों के लाभ के लिए भी पांच व्यावसायिक विकास कार्यक्रम आयोजित किए। आयोजित कार्यक्रमों की एक सूची रिपोर्ट के परिशिष्ट 'घ' में दी गई है।

9. प्रकाशन :

9.1 चार्टर्ड सेक्रेटरी : यह जर्नल पिछले 19 वर्षों से प्रकाशित हो रहा है और इसने अपनी क्वालिटी और संबंधित सरकारी अधिसूचनाओं के बारे में तुरंत सूचना देकर अपनी प्रतिष्ठा लगातार बनाए रखी है; यह जर्नल सदस्यों और कम्पनी एक्जीक्यूटिवों के बीच प्रभावकारी संचार का माध्यम रहा है और इससे सदस्यों को उनके व्यावसायिक ज्ञान की अद्यतन जानकारी दी है। वर्ष के दौरान निम्नांकित चार विशेषांक प्रकाशित हुए :

(क) अप्रैल 1988 में बजट विशेषांक

(ख) जून 1988 में बीमा विशेषांक

(ग) अगस्त 1988 में स्वतंत्रता विशेषांक

(घ) अक्तूबर 1988 में आई.सी.एस.आई. की दो दशकों में प्रगति संबंधी विशेषांक।

9.2 व्यवसाय से सम्बन्धित विशेष अंक : स्वतंत्रता से लेकर अब तक व्यवसाय के विकास और वृद्धि को रिकार्ड करने तथा भारत की स्वतंत्रता की चालीसवीं वर्ष गांठ के उपलक्ष्य में 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' का अगस्त 1988 का अंक प्रकाशित किया गया, जिसमें विभिन्न देशों के कम्पनी सचिवों के व्यवसाय के विकास और वृद्धि पर विशेष लेख रहे; स्वतंत्रता विशेषांक के रूप में इसका विमोचन टेकनोलोजी मिशनों पर प्रधान मंत्री के तत्कालीन परामर्शदाता श्री सैम पित्रोदा ने किया। समारोह की अध्यक्षता श्री जी.एन. मेहरा, सचिव, सार्वजनिक उद्यम और कम्पनी कार्य विभाग ने की। पुनः 1968 से 1988 तक आई.सी.एस.आई. के 20 वर्षों के उपलक्ष्य में 'चार्टर्ड सेक्रेटरी' का अक्तूबर 1988 का अंक जारी किया गया, जिसमें इंस्टीट्यूट के बारे में दिलचस्प आंकड़ों की जानकारी देते हुए तथा भारत में कम्पनी सचिवों के व्यवसाय पर प्रख्यात व्यक्तियों के महत्त्वपूर्ण विचार और मत देते हुए विशेष लेख रखे गए।

9.3 मार्गदर्शी नोट्स : प्रैक्टिसरत सदस्य अपने व्यावसायिक उत्तरदायित्वों को कुशलतापूर्वक निभा सकें, इस बात को ध्यान में रखते हुए इंस्टीट्यूट ने निर्णय किया है कि प्रैक्टिस के प्रयोजन के लिए जो विभिन्न मान्यताएं प्राप्त होती है, उनके बारे में मार्गदर्शी नोट्स प्रकाशित किए जाएं। दो मार्गदर्शी नोट्स प्रकाशित हो चुके हैं तथा वर्ष 1989-90 में और अधिक मार्गदर्शी नोट्स जारी करने की योजना है।

9.4 कम्पनी सेक्रेटरी प्रैक्टिस मैनुअल : इंस्टीट्यूट अभी तक सचिवीय प्रैक्टिस माला के रूप में आठ प्रकाशन जारी कर चुका है। वर्ष 1986 में परिषद् ने एक व्यापक सचिवीय प्रैक्टिस मैनुअल प्रकाशित करने का निर्णय लिया था; इसे तैयार और क्रियान्वित करने की योजना के लिए स्थायी आधार पर सलाहकार ग्रुप स्थापित किया गया है। सलाहकार ग्रुप ने इस परियोजना का पहले ही आरम्भ कर दिया है और प्रस्ताव है कि मैनुअल के प्रथम भाग को पाण्डुलिपि तैयार कर ली जाए जिसे आगामी वर्ष जून 1990 में प्रकाशित किया जाए। सलाहकार ग्रुप सम्बन्धित अनेक प्रकार की सामग्री का विश्लेषण कर रहा है जिसे प्रस्तावित मैनुअल में शामिल करना है।

9.5 मानक सचिवीय प्रैक्टिस के लिए मार्ग निर्देशन : सचिवीय कम्पनी के शेयर विभागों की कार्य कुशलता को बढ़ाने के लिए विस्तृत ड्राफ्ट मार्ग निर्देशकों को सितम्बर 1989 के 'चार्टर्ड' सेक्रेटरी' अंक में एक 'अनावरण ड्राफ्ट' के रूप में प्रकाशित किया जाएगा जिससे संबंधित व्यक्तियों के मत की जानकारी मिल सके और बाद में सेवारत सदस्यों के मार्ग निर्देशन के लिए इन्हें मार्ग निर्देशों के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

9.6 अन्य प्रकाशन : इंस्टीट्यूट ने अब तक इस वर्ष निम्नलिखित प्रकाशन प्रकाशित किए हैं :

1. रजिस्ट्रेशन अंडर ट्रेड मार्क्स लॉ

2. मोनोग्राफ़ आन ट्रेड प्रैक्टिसेज

3. गाइडेंस नोट आन साइनिंग आफ़ एनुअल रिपोर्ट

4. गाइडेंस नोट आन सर्टीफ़िकेशन आफ़ मेनेजेरियल अपाइंटमेंट एंड रेम्यूनरेशन अंडर शिड्यूल टू दि कम्पनीज एक्ट 1956।

5. इन्डेक्स आफ़ आर्टिकल्स पब्लिश्ड इन चार्टर्ड सेक्रेटरी फ्राम 1971 टू 1988

6. डायरेक्टरी आफ़ कम्पनी सेक्रेटरी इन प्रैक्टिस।

9.7 आचार संहिता: आशा है आने वाले महीनों में व्यवसाय की प्रैक्टिस सम्बन्धी गतिविधियों में अत्यन्त तीव्र प्रगति होगी अतः इंस्टीट्यूट ने वर्ष 1989-90 में एक पुस्तिका प्रकाशित करने का निर्णय किया है जिसमें आचार संहिता से सम्बन्धित सांविधिक नियमों को स्पष्ट किया जाएगा।

10. अनुसंधान योजना: अनुसंधान योजना "प्राइवेट लिमिटेड कम्पनीज रूल्ज एंड डांट्स" पूरी कर ली गई है तथा वर्ष 1989-90 में पुस्तक के रूप में इसके प्रकाशन को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। सदस्यों के प्रयोग के लिए वार्षिक विवरणी के प्रमाणीकरण पर मार्गदर्शी नोट का प्रकाशन पहले ही किया जा चुका है। लघु उद्योग क्षेत्र में औद्योगिक नाकारसी सम्बन्धी योजना पर काम बंद करना पड़ा है। चूंकि वार्षिक रिपोर्ट जिसमें लाभ-हानि लेखा तुलन पत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट होती है और बोर्ड की रिपोर्ट निवेश के सम्बन्ध में मुख्य साधन होती है अतः यह ठीक समझा गया कि एक अनुसंधान अध्ययन किया जाए जिसमें देखा जाए कि मध्य और निम्न आय ग्रुपों के साधारण निवेशकर्ताओं की दृष्टि में रखते हुए वार्षिक रिपोर्ट में दी गई सामग्री कहां तक बोधगम्य व्यापक और हितकारी है। इस अध्ययन के परिणाम 1989-90 में प्राप्त होने की आशा है। इसके आधार पर सरकार से भी वार्षिक रिपोर्ट के स्वरूप का सरल बनाने और उसमें संशोधन करने की समुचित सिफ़ारिशें की जा सकती हैं।

11. रोजगार अवसरों का संवर्धन:

पूर्णकालिक सचिव की नियुक्ति के लिए 25 लाख रुपए या इससे अधिक की प्रदत्त शेयर पूंजी की वर्तमान सीमा को बनाए रखने और छोटी कम्पनियों के लिए इण्टरमीडिएट परीक्षा की मान्यता से रोजगार के अवसर और बढ़ गए हैं। क्षेत्रीय परिषदों और इनकी प्रमुख शाखाओं से इंस्टीट्यूट की रोजगार सेवा योजना को पूरक बनाने तथा मजबूत करने का अनुरोध किया गया है। वर्ष के दौरान इंस्टीट्यूट के प्रधान कार्यालय द्वारा बनाई गई रोजगार सेवा योजना के अन्तर्गत रोजगार देने के लिए समुचित सदस्यों की सूची 128 कम्पनियों को दी गई है। अपने सदस्यों और विद्यार्थियों के लिए और अधिक कैरियर की सम्भावनाओं को बढ़ाने, प्रोत्साहन तथा मान्यता प्राप्त करने के लिए प्राप्त अभ्यावेदनों पर इंस्टीट्यूट बैंकिंग विभाग, इण्डियन बैंकर्स एसोसिएशन नियंत्रक, और महालेखापाल तथा बीमा निगमों से बातचीत कर रहा है।

12. व्यवसाय की मान्यता:

12.1 प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव:—कम्पनी अधिनियम, 1956 के अधीन महत्वपूर्ण मान्यताएं प्राप्त करने के अलावा इंस्टीट्यूट ने अपने सदस्यों के लिए उनकी भूमिका और प्रैक्टिस के क्षेत्रों में विस्तार करने के प्रयास जारी रखे। तदनुसार विभिन्न राज्य सरकारों के मुख्य सचिवों को अभ्यावेदन भेजे गए कि कम्पनी सचिवों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत पीड़ित व्यक्तियों के प्रतिनिधियों के रूप में उपभोक्ता संरक्षण नियमों के अधीन प्रतिनिधित्व करने की स्पष्ट रूप से मान्यता दी जाए। इसके अलावा विभिन्न राज्य सरकारों से अनुरोध किया है कि प्रत्येक राज्य में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अधीन स्थापित की जाने वाली उपभोक्ता संरक्षण सलाहकार परिषदों के गठन में कम्पनी सचिवों को शामिल करने पर विचार किया जाए। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड तथा केन्द्रीय उत्पाद और सीमा शुल्क बोर्ड के साथ अपने प्रयास जारी रखे हैं कि प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिवों को कुछेक मान्यताएं प्रदान की जाएं। इस वर्ष के दौरान असम औद्योगिक विकास निगम, गुवाहाटी तथा दिल्ली वित्त निगम से विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र जारी करने की मान्यताएं प्राप्त हुई, जिनमें खोज रिपोर्टों सम्बन्धी प्रमाण पत्र भी शामिल

12.2 बैंक ऋण के लिए मान्यता:—इण्डियन बैंक्स एसोसिएशन से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर रिजर्व बैंक आफ इंडिया ग्रामीण योजना तथा ऋण विभाग तथा जमा बीमा और ऋण गारण्टी निगम प्राथमिकता वाले क्षेत्र के अधीन व्यावसायिक व्यक्तियों/स्व-नियोजित व्यक्तियों को ऋण मंजूर करने के लिए प्रैक्टिसरत कम्पनी सचिवों से प्राप्त आवेदनों पर विचार करने के लिए सहमत हो गए हैं।

12.3 प्राप्त मान्यताओं की सूची:—इस रिपोर्ट की तारीख तक प्रैक्टिस तथा रोजगार के संबंध में कम्पनी सचिवों के लिए जो मान्यताएं प्राप्त हुई हैं, उनका ब्यौरा रिपोर्ट के परिशिष्ट "ङ" के भाग I और II में दिया गया है।

13. सत्रहवां राष्ट्रीय सम्मेलन:—'व्यवसाय की परिवर्तनशील रूप-रेखा और भावी कार्य' विषय पर कम्पनी सचिवों का सत्रहवां राष्ट्रीय सम्मेलन होटल अशोक, बंगलौर में 2 से 4 मार्च 1989 को आयोजित किया गया। सम्मेलन संयोग से पंडित जवाहर लाल नेहरू की जन्म शताब्दी समारोह के साथ हुआ, पं. नेहरू आधुनिक भारत का निर्माण करने वाले एक महान भविष्य द्रष्टा थे। सम्मेलन में लगभग 575 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, सम्मेलन का उद्घाटन श्री जी.एन. मेहरा, सचिव, सार्वजनिक उद्यम तथा कम्पनी कार्य विभाग ने किया। श्री सी.एस. सेम्युल, अध्यक्ष ब्रुक बांड इंडिया लि. ने मुख्य भाषण दिया।

14. दस वर्षीय संदर्शी योजना:—पिछले दो दशकों में प्राप्त अनुभवों को देखते हुए तथा यह महसूस करते हुए कि कम्पनी सचिव के व्यवसाय में प्रैक्टिस और रोजगार की संभावनाएं नए क्षितिज को छूने वाली हैं परिषद् ने यह ठीक समझा कि अगले 10 वर्षों के लिए इन्स्टीट्यूट के लिए एक व्यापक संदर्शी योजना बनाई जाए। संदर्शी योजना में आने वाले 10 वर्षों में कार्पोरेट क्षेत्र में इस व्यवसाय की जो भूमिका अदा की जानी है उसकी परिकल्पना रखी जाएगी तथा उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए रूपात्मकता और परीक्षण निहित रहेंगे। परिषद् ने एक संदर्शी योजना ग्रुप का गठन किया है, आशा है, यह ग्रुप 1989-90 में इस योजना को प्रलेखबद्ध कर लेगा।

15. सदस्यता उपरांत अर्हता पाठ्यक्रम कार्यान्वयन समिति:

फरवरी 1985 में गठित सदस्यता-उपरांत पाठ्यक्रम कार्यान्वयन समिति की अंतिम रिपोर्ट परिषद् को 31 दिसम्बर, 1988 को प्रस्तुत की गई, जिसमें चार विधाओं, अर्थात् कर प्रबन्ध, औद्योगिक और कार्मिक प्रबन्ध, निगम विधियां, प्रबन्ध तथा आंतरिक लेखा परीक्षा और प्रबन्ध नियत्रण, के बारे में पाठ्यचर्या निर्धारित की गई है। समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने रिपोर्ट तैयार करने और अंतिम रूप देने में जो प्रयास किया है, परिषद् इसके लिए उनके प्रति आभार प्रकट करती है। परिषद् ने अब इन चार विधाओं में परीक्षा आरम्भ करने के लिए की गई सिफारिशों की जांच करने के लिए एक कार्यान्वयन समिति बनाई है।

16. अन्तर्राष्ट्रीय संबंध:

16.1 कम्पनी सचिवों का अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन:—मलेशियन एसोसिएशन आफ दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड सेक्रेटरीज एंड एडमिनिस्ट्रेटर्स के निमन्त्रण पर इंस्टीट्यूट के नौ सदस्यों ने 13-9-1988 को 'परिवर्तन और चुनौती पर निगम प्रशासकों को तैयार करना विषय पर कुआलालम्पुर में हुए अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत की ओर से भाग लिया, नौ

सदस्यों में उपाध्यक्ष तथा सचिव-व-कार्यकारी निदेशक शामिल थे। भारतीय प्रतिनिधि का नेतृत्व इंस्टीट्यूट के उपाध्यक्ष ने किया।

16.2 आई.सी.एस.ए. की सिंगापुर एसोसिएशन तथा सिंगापुर कम्पनियों और व्यापार की रजिस्ट्री के साथ बैठक :—सम्मेलन की समाप्ति पर सचिव तथा कार्यकारी निदेशक ने सिंगापुर का दौरा किया और आई.सी.एस.ए. की सिंगापुर एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ व्यावसायिक प्रश्नः सम्बन्धी पर विचार विमर्श किया। सिंगापुर के कम्पनियों तथा व्यापार के रजिस्ट्रार के निमंत्रण पर वह उनके कार्यालय में भी गए और उन्होंने वहां कम्पनियों तथा आम जनता के लिए कुशल और तुरन्त सेवाएं प्रदान के करने लिए जो इलेक्ट्रानिक सेवाएं आरम्भ की हैं, उनके बारे में स्वयं व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त की।

16.3 भारत में विदेशी आगन्तुक :—मि. एडवर्ड चान, अध्यक्ष और मि. कामिल दा तुक एचजे अब्दुल रहमान, मैक्सा के अवैतनिक कोषाध्यक्ष नई दिल्ली में आई.सी.एस.आई. भवन में 4-11-1988 को पधारे और उन्होंने इंस्टीट्यूट के सचिव तथा अन्य विभागाध्यक्षों के साथ दोनों देशों में व्यवसाय के विकास और वृद्धि पर लाभदायक चर्चा की। 20 फरवरी 1989 को नई दिल्ली स्थित आई.सी.एस.आई. भवन में आस्ट्रेलिया, बंगला देश, मलेशिया, पाकिस्तान, यू.के., यू.एस.ए. से ब्रिटिश प्रोबेशन ग्रुप सचिवों तथा उनके भारतीय ग्रुप सचिवों ने दौरा किया। अध्यक्ष ने इंस्टीट्यूट के इतिहास, विकास और वृद्धि से संबंधित 'आडियो-विजुअल' कार्यक्रम पेश किया। बाद में आगन्तुकों तथा इंस्टीट्यूट के प्रतिनिधियों के बीच लाभप्रद पारस्परिक चर्चा हुई।

विद्यार्थियों का पंजीकरण और विद्यार्थी सेवाएं :—

17. विद्यार्थियों का पंजीकरण :—रिपोर्टाधीन वर्ष में इंस्टीट्यूट द्वारा 10,384 विद्यार्थी पंजीकृत किए जब कि पिछले वर्ष 8,319 विद्यार्थी पंजीकृत किए गए थे। इस वर्ष के अन्त में वर्तमान पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 51,459 थी, जिनमें वे भी शामिल हैं, जिनका पंजीकरण विनियम 21(3) के अन्तर्गत बढ़ाया गया। पंजीकृत विद्यार्थियों की वृद्धि तथा जिन्होंने इण्टरमीडिएट और फाइनल परीक्षाएं पूरी कर ली हैं, उनके बारे में एक विवरण परिशिष्ट 'च' में दिया गया है। इंस्टीट्यूट द्वारा सीधे तथा अपनी क्षेत्रीय परिषदों और उनकी शाखाओं के माध्यम से, विभिन्न कालिजों में और दूरदर्शन, समाचार-पत्रों और पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से बड़े पैमाने पर कैरियर परामर्शी कार्यक्रम रखे, जिससे विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि करना संभव हो सका।

18. पाठ्य विवरण और शिक्षण :

18.1 पुराने पाठ्य विवरणों के अन्तर्गत परीक्षाएं बंद करना :—पुराने पाठ्य विवरण के अधीन अंतिम बार इण्टरमीडिएट परीक्षा जून 1989 में रखी गई। पुराने पाठ्य विवरण के अधीन अन्तिम बार फाइनल परीक्षा दिसम्बर, 1990 में रखी जाएगी।

18.2 पुराने पाठ्य विवरण के लिए अध्ययन सामग्री को अद्यतन करना :—पुराने पाठ्य विवरण के अधीन फाइनल पाठ्यक्रम के आर्थिक विधान, सचिवीय प्रेक्टिस (अन्य विधियों से संबंधित) और कराधान विषयों से संबंधित अध्ययन सामग्री को संशोधित और अद्यतन कर किया गया है। विधि और प्रक्रिया में विभिन्न संशोधनों तथा हाल के संबंधित न्यायिक निर्णयों का समावेश करके सुझाए गए उत्तरों को अद्यतन कर लिया है। कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 1988 द्वारा कम्पनी अधिनियम, 1956 में किए गए संशोधनों पर इस दृष्टि से एक व्यापक और सम्पूर्ण नोट तैयार किया गया, जिससे कम्पनी विधि कम्पनी सचिवीय प्रैक्टिस और अन्य सम्बद्ध विषयों की अध्ययन सामग्री को इस प्रकार अद्यतन कर लिया जाए वह पुराने तथा नए दोनों पाठ्य विवरणों के अधीन इंटरमीडिएट तथा फाइनल पाठ्यक्रम के सभी विद्यार्थियों के का आ सके।

18.3 नए पाठ्य विवरण की अध्ययन सामग्री को अद्यतन करना :—इस वर्ष नए पाठ्य विवरण के प्रमुख विषयों की अद्यतन सामग्री का पूरी तरह से संशोधन किया गया। शेष विषयों का संशोधन तथा संशोधित टेस्ट पेपरों के लिए सम्भावित उत्तरों की तैयारी का काम चल रहा है और 1989-90 में पूरा हो जाने की आशा है। कम्पनी (संशोधन) अधिनियम, 1987 तथा इसके अधीन जारी अधिसूचनाओं को संशोधित अध्ययन सामग्री में समुचित रूप से समाविष्ट कर लिया है। सामान्यतः अध्ययन सामग्री का स्वागत हुआ है और विद्यार्थियों ने इसे बहुत उपयोगी पाया है।

18.4 अध्ययन सामग्री और सम्भावित उत्तरों का हिंदी अनुवाद :—उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और दिल्ली के विद्यार्थियों की पर्याप्त मांग को ध्यान में रखते हुए वर्तमान अध्ययन सामग्री और सम्भावित उत्तरों में से कुछ का हिन्दी अनुवाद कराने के मामले पर विचार किया जा रहा है।

18.5 मार्ग निर्देशी उत्तरों की तैयारी :—विद्यार्थियों के लाभ के लिए पुराने तथा नए पाठ्य विवरण के अधीन जून और दिसम्बर, 1988 को परीक्षाओं के मार्ग दर्शी उत्तरों का प्रकाशन निविदा समय में कर दिया गया।

18.6 शिक्षण :—इस वर्ष पंजीकृत किए गए सभी विद्यार्थियों को डाक द्वारा प्रशिक्षण के लिए दर्ज कर लिया गया। रिपोर्टाधीन वर्ष में 13,669 'शिक्षण समापन प्रमाणपत्र' जारी किए गए। कुल मिलाकर इस वर्ष 1,13,163 उत्तर पुस्तिकाएं प्राप्त हुई, जिनका मूल्यांकन कर विद्यार्थियों को वापस भेजा गया।

18.7 पुस्तकालय सुविधाएं :—इस वर्ष विधि, वित्त और प्रबन्ध क्षेत्रों के विभिन्न विषयों पर प्रधान कार्यालय/क्षेत्रीय परिषदों/शाखाओं के पुस्तकालयों में 1,91,510 रुपए की पुस्तकें और जोड़ी गई। वर्ष 1986 में तैयार की गई पुस्तकालय संबंधी नीति के अनुसरण में ऐसी शाखाओं में जहां कोई पुस्तकालय नहीं है वहां पुस्तकालय सुविधाएं प्रदान करने के लिए और ऐसी शाखाओं में जहां पुस्तकालय की सुविधाएं अपर्याप्त हैं, वहां इन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पुस्तकालय सहायता योजना नाम से एक योजना बनाई गई है। यह योजना इस दृष्टि से तैयार की गई है कि इस नीति के आरम्भ करने की तारीख से पांच वर्ष के अन्दर सभी शाखाओं में एक पुस्तकालय हो जाए। इस योजना के अन्तर्गत शाखाओं का लागत का 25 प्रतिशत अपने अंशदान के रूप में देना होता है। इस वर्ष के दौरान जिन 13 शाखाओं ने इस योजना का लाभ उठाया उन्हें लोहे की एक अलमारी तथा नए पाठ्य विवरण के अधीन प्रीलीमिनरी, इण्टरमीडिएट और फ़ाइनल परीक्षा के प्रत्येक विषय की पुस्तकों के दो-दो सैट दिए गए; इस पर प्रत्येक शाखा के लिए, 12,000 रुपए की लागत आने का अनुमान है। प्रस्ताव है कि वर्ष 1989-90 में शेष शाखाओं को ये पुस्तकालय सुविधाएं दी जाएंगी, ताकि सभी शाखाओं में न्यूनतम पुस्तकालय सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। दूर-दराज के क्षेत्रों के कालिजों/विश्वविद्यालयों/अन्य संस्थानों के सहयोग से पुस्तकालय स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

18.8 पेपर क्लिपिंग सेवा :—प्रधान कार्यालय के संदर्भ—पुस्तकालय में पेपर क्लिपिंग सेवा तथा पेपर क्लिपिंगों की विषय क्रम से फ़ाइलें रखी गई हैं।

18.9 प्रलेखन केन्द्र :—इस समय हम विभिन्न निर्णयों और अधिसूचनाओं की प्रतियां अपने पाठकों को मामूली कीमत लेकर देते हैं। अब इस सुविधा को और बेहतर बनाने के विचार से एक प्रलेखन सेवा आरम्भ करने का विचार है, जिससे सदस्यों/संगठनों को सूचना 'स्रोत-सामग्री' से प्रदान की जा सके।

18.10 कैरियर परामर्श कार्यक्रम :—विश्वविद्यालयों के साथ सम्पर्क बढ़ाने तथा विश्वविद्यालयों और सम्बद्ध कालेजों में सचिवीय पाठ्यक्रम के बारे में सामान्य जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से इंस्टीट्यूट ने इस वर्ष जोर-शोर से कैरियर परामर्श कार्यक्रम आरम्भ किया है। अध्ययन और विद्यार्थी सेवा निदेशालय को यह कार्य विशिष्ट रूप से सौंपा गया है और बाहर के कुछ क्षेत्रों में कैरियर परामर्श कार्यक्रम रखेगा। कम्पनी सचिवीय पाठ्यक्रम की उपयोगिता को दर्शाते हुए प्रदर्शन सामग्री, चार्ट और पोस्टर तैयार किए गए और समय समय पर आयोजित कार्यक्रमों में इनका उपयोग किया गया। दिसम्बर, 1988 में बम्बई में आयोजित "1990 के दशक" के लिए रखी गई पांच दिन की 'कैरियर और पाठ्यक्रम प्रदर्शनी' में भी भाग लिया। क्षेत्रीय परिषदों और शाखाओं ने इन कार्यक्रमों को सफल बनाने में गहरी रुचि ली। वर्ष के दौरान दूरदर्शन द्वारा रखे गए दो कार्यक्रमों का पूरा लाभ उठाया गया, जिनमें इस व्यवसाय के प्रचार और छवि को उभारने तथा कैरियर संबंधी मार्ग-निर्देशन प्रदान करने का प्रयास किया गया।

18.11 विश्वविद्यालयों के साथ सम्पर्क :—इस बात के लगातार प्रयास किए गए कि विश्वविद्यालय कार्पोरेट सेक्रेटरीशिप में स्नातक डिग्री या बी.काम डिग्री पाठ्यक्रम में तीन पेपरों की कार्पोरेट सेक्रेटरीशिप में ऐच्छिक विधा के रूप में पाठ्यक्रम आरम्भ करें। कुछ विश्वविद्यालयों में इस विषय पर विचार किया जा रहा है।

18.12 विश्वविद्यालयों द्वारा मान्यता :—रिपोर्टाधीन वर्ष में शिवाजी विश्वविद्यालय और बम्बई विश्वविद्यालय से इंस्टीट्यूट की सदस्यता को पी.एच.डी. के अध्ययन के आरम्भ करने के लिए स्नातकोत्तर डिग्री के समकक्ष मान्यता प्राप्त की गई है। अब तक प्राप्त कुल मान्यताओं की सूची इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ङ' (भाग III) में दी गई है।

18.13 विश्वविद्यालयों/कालेजों/अन्य संस्थानों के सहयोग से मौखिक शिक्षण केन्द्रों की स्थापना :—इस संबंध में पिछले वर्ष आरम्भ किए गए प्रयासों को जारी रखा गया तथा निम्नलिखित नए मौखिक शिक्षण केन्द्र स्थापित किए गए :—

(क) कोचीन में जून 1989 सत्र से चावड़ा अकादमी मौखिक शिक्षण केन्द्र।

(ख) अम्बाला में दिसम्बर, 1989 से एस. ए. जैन कालेज में मौखिक शिक्षण केन्द्र।

18.14 स्टूडेण्ड कम्पनी सेक्रेटरी :—बुलेटिन का प्रकाशन और विद्यार्थियों की प्रेषण समय पर होता रहा। इसकी उपयोगिता को और बढ़ाने के लिए विषयों को और सम्बद्ध बनाने का लगातार प्रयास रहा जिससे यह विद्यार्थियों को नवीनतम सूचना दे सके।

18.15 आडियो/वीडियो टेपों पर लेक्चर :—आडियो टेपों का काम हाथ में ले लिया है। वर्ष 1989-90 के दौरान कुछ क्षेत्रों के विषयों पर कुछ आडियो लेक्चर तैयार करने का विचार है।

19. परीक्षाएं :—

इस वर्ष इंस्टीट्यूट ने जून और दिसम्बर में सम्पूर्ण भारत में क्रमशः 36 और 37 केन्द्रों में तथा विदेश में एक केन्द्र आबू ढाबी में परीक्षाएं आयोजित कीं। दिसम्बर 1988 से शुरू होने वाले सत्र में उदयपुर में परीक्षा केन्द्र पुनः स्थापित किया गया। पुराने तथा नए पाठ्य विवरणों के अधीन इण्टरमीडिएट और फ़ाइनल परीक्षाएं एक साथ रखी गईं। जून 1988 की परीक्षा में 629 और 426 तथा दिसम्बर 1988 में 605 और 398 परिक्षार्थियों ने क्रमशः इण्टरमीडिएट और फ़ाइनल परीक्षा उत्तीर्ण की। इंस्टीट्यूट की जून 1988 और दिसम्बर 1988 की परीक्षाओं में बैठने और सफल घोषित परीक्षार्थियों की संख्या इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'छ' में दी गई है।

20. अखिल भारतीय पुरस्कार :

20.1 जून 1988 तथा दिसम्बर 1988 में हुई फाइनल परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रेजीडेण्ट स्वर्ण मेडल क्रमशः पश्चिमी क्षेत्र के सर्वश्री श्यामक रामायर तथा टी.ए. राम कुमार ने जीते। जून 1988 तथा दिसम्बर 1988 में हुई परीक्षाओं में प्रतिभाशाली प्रदर्शन के लिए प्रेजीडेण्ट के रजत मेडल भी क्रमशः पश्चिमी क्षेत्र के सर्वश्री संजय जे शाह और प्रमोद बजरंग केडिया ने जीते।

20.2 पुरस्कार वितरण :—अखिल भारतीय पुरस्कारों का वितरण 2 मार्च, 1989 को बंगलौर में हुए कम्पनी सचिवों के सतरहवें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि श्री जी.एन. मेहरा, सचिव, सार्वजनिक उद्यम और कम्पनी कार्य विभाग, नई दिल्ली के हाथों से सम्पन्न हुआ।

20.3 पं. नेहरू जन्म शताब्दी वार्षिक पुरस्कार :—पं. जवाहर लाल नेहरू की जन्म शताब्दी तथा भारत के चालीसवें स्वतंत्रता वर्ष के उपलक्ष में इंस्टीट्यूट ने कुछ और पुरस्कारों की योजना बनाई, जिसमें इण्टरमीडिएट और फ़ाइनल परीक्षाओं में समग्र रूप से सर्वोत्तम प्रदर्शन के लिए केवल महिला परीक्षार्थियों के लिए दो पुरस्कार रखे गए। पहली बार, नवगठित पं. नेहरू जन्म शताब्दी वार्षिक पुरस्कार कलकत्ता के श्री अजय अग्रवाल को राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर प्रदान किया गया।

20.4 क्षेत्रीय परिषदों द्वारा आरम्भ किए गए क्षेत्रीय पुरस्कार उन क्षेत्रों की परिषदों द्वारा आयोजित समारोहों में संबंधित विद्यार्थियों को दिए गए।

21. विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और वित्तीय सहायता

वर्तमान योग्यता (मेरिट) छात्रवृत्ति योजना के अनुसार जून 1988 तथा दिसम्बर, 1988 में इंस्टीट्यूट की परीक्षाओं में योग्य पाए गए दस दस विद्यार्थियों को परीक्षाएं सराहनीय ढंग से उत्तीर्ण करने के लिए छात्रवृत्तियां दी गईं। इसी प्रकार योग्यता-व-वित्तीय सहायता योजना के अन्तर्गत इंस्टीट्यूट ने क्रमशः दिसम्बर, 1987 तथा जून 1988 की परीक्षाओं में योग्य पाए गए 2 और 7 परीक्षार्थियों को वित्तीय सहायता मंजूर की।

22. योग्यता (मेरिट) प्रमाण-पत्र

विद्यार्थियों की योग्यता (मेरिट) को मान्यता प्रदान करने तथा परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए प्रयास करने के लिए उन्हें प्रोत्साहन देने की दृष्टि से उन विद्यार्थियों को योग्यता (मेरिट) प्रमाण-पत्र दिए गए जिन्होंने पुराने तथा नए पाठ्य विवरणों के अधीन जून और दिसम्बर 1988 में हुई इण्टरमीडिएट और फ़ाइनल परीक्षाओं में प्रथम दस रैंक प्राप्त किए।

23. परीक्षाओं में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग

सभी क्षेत्रों में हिन्दी का प्रगामी रूप से आरम्भ करने की सरकार की राष्ट्रीय नीति को ध्यान में रखते हुए इंस्टीट्यूट लगातार इस दिशा में प्रयास करता रहा और (पुराने तथा नए पाठ्य विवरणों के अधीन) प्रीलीमिनरी और इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में और (पुराने पाठ्य विवरण के अधीन) फ़ाइनल परिक्षा में हिन्दी के प्रयोग का विकल्प दिया गया।

24. प्रबन्ध/प्रेक्टिकल/प्रशिक्षु, प्रशिक्षण

24.1 पैनल बनाना : रिपोर्टाधीन वर्ष में प्रबन्ध और प्रेक्टिकल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मान्यता प्रदान कम्पनियों की सूची में क्रमशः 109 और 101 और कम्पनियां जोड़ी गईं। 35 और कम्पनी सचिवों को प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करने की अनुमति दी गई। अब प्रेक्टिसरत कम्पनियों को पूर्णकालिक आधार पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षु को कम से कम 500 रुपए प्रतिमास तथा अंशकालिक

प्रशिक्षुता के लिए कम से कम 250 रुपए प्रतिमास स्टाइपेण्ड देना आवश्यक है। जिन कम्पनियों और प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिवों को पैनल पर रखा है, उनकी कुल संख्या तथा विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रायोजित विद्यार्थियों की संख्या की स्थिति नीचे दी जा रही है :

मान्यता प्राप्त कम्पनियों की संख्या			वर्ष में प्रायोजित विद्यार्थियों की संख्या		
31-3-87 को	31-3-88 को	31-3-89 को	31-3-87 को	31-3-88 को	31-3-89 को
प्रबंध प्रशिक्षण 120	262	371	16	74	170
प्रैक्टिकल प्रशिक्षण 580	661	762	326	432	542
प्रेक्टिसरत कम्पनी सचिव 26	32	67	25	40	80

वर्ष के दौरान प्रशिक्षण देने वाली कम्पनियों की संख्या सर्वाधिक है और प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की संख्या अभी तक सबसे अधिक रही। ऐसी कम्पनियों की संख्या और अधिक बढ़ाने के प्रयास जारी रहेंगे, जो हमारे विद्यार्थियों को प्रबन्ध प्रशिक्षण देने के लिए सहमत हों।

24.2 प्रेक्टिकल/प्रबन्ध प्रशिक्षण को मानीटर करना :

यह सुनिश्चित करने के लिए कि जो प्रशिक्षण दिया जा रहा है वह समय के साथ मेल खाता रहे, विद्यार्थियों की आकांक्षाओं को पूरा करे, कम्पनियों के प्रबन्ध में अपेक्षित रूप से सहायक हो और प्रशिक्षण पुराना होकर बेकार न हो जाए, इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए एक बात बहुत जरूरी है कि प्रबन्ध/प्रेक्टिकल प्रशिक्षण पा रहे विद्यार्थियों तथा प्रशिक्षण दे रहे हमारे सदस्यों /कम्पनियों के बीच तालमेल और सम्पर्क बना रहे। अतः प्रयास किया जा रहा है कि सभी महत्वपूर्ण नगरों में विद्यार्थियों के प्रशिक्षण को मानीटर करने के लिए विद्यार्थियों के गाइडों के रूप में हमारे सदस्यों का एक पैनल बनाया जाए। प्रस्ताव है कि प्रशिक्षण के लिए प्रायोजित प्रत्येक विद्यार्थी के साथ गाइड के रूप में पैनल में से एक सदस्य लगा दिया जाए। प्रशिक्षार्थी को सलाह दी जाती है कि वह नियमित समय पर बीच बीच में गाइड से मिलता रहे और यदि कोई सन्देह हो तो सामान्य रूप से उनके स्पष्टीकरण तथा व्यावसायिक मामलों पर मार्ग निर्देशन प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण के विभिन्न विषयों पर उनसे परस्पर बातचीत करता रहे। इसके लिए यथा-समय प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय में प्रशिक्षण अधिकारियों की व्यवस्था की जाए।

24.3 सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम : इस वर्ष के दौरान 18 माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखे गए, जिनमें से एक-एक प्रधान कार्यालय द्वारा, चार पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद् द्वारा, तीन-तीन उत्तरी भारत, दक्षिणी भारत और पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषदों द्वारा तथा एक-एक पुणे, अहमदाबाद, बंगलौर और जयपुर शाखाओं द्वारा ये कार्यक्रम रखे गए, जिनमें 649 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अब तक कुल 36 सचिवीय माड्यूलर कार्यक्रम रखे जा चुके हैं, जिनमें 1385 विद्यार्थियों ने भाग लिया है और सफलतापूर्वक कार्यक्रम को पूरा किया है। मोटे तौर पर विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों को उपयोगी पाया और व्यवसाय के वरिष्ठ सदस्यों के साथ विचारों के पारस्परिक आदान-प्रदान पर इस कार्यक्रम में बल दिया गया है और प्रेक्टिकल पहलुओं को उद्घाटित करने का उद्देश्य इन कार्यक्रमों से प्राप्त हो सका है।

24.4 प्रशिक्षण प्रणाली और अध्यापन साधन :

सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावकारी बनाने और कार्यकुशलता में सुधार लाने तथा कार्यक्रम में और अधिक लोग भाग लें, इन बातों को दृष्टि में रखते हुए केस-अध्ययनों, अनुकरणीय अभ्यासों तथा 'रोल प्लेयिंग तकनीकों' के प्रयोग को लगातार बढ़ाया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में श्रव्य/दृश्य साधनों के उपयोग पर भी जोर दिया जा रहा है। तदनुसार इंस्टीट्यूट ने कुछ वीडियो फिल्में ली हैं तथा ट्रांसपेरेंसियों के जरिए दृश्य प्रदर्शन की सुविधा के लिए क्षेत्रीय परिषदों को ओवरहैड प्रोजेक्टर दिए हैं।

25. लेखे और लेखा परीक्षा

लेखों का प्रकाशन

कम्पनी सचिव अधिनियम, 1980 की उपधारा (5) के अनुसरण में 31 मार्च, 1989 को समाप्त होने वाले वर्ष के लेखे तथा इन लेखों पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट यहां प्रकाशित की जा रही है तथा परिषद् की रिपोर्ट के साथ संलग्न की जा रही है।

25.2 आय और व्यय लेखा

इस वर्ष के आय और व्यय लेखे के वित्तीय परिणाम को देखने से पता चलता है कि इस वर्ष 13,41,672 रुपए अधिशेष रहा जबकि पिछले वर्ष 3,71,237 रुपए का घाटा रहा था। इस अधिशेष का मुख्य कारण यह रहा कि विद्यार्थियों के पंजीकरण, सदस्यता शुल्क में संशोधन, प्रकाशनों की बिक्री और चार्टर्ड सेक्रेटरी में अधिक विज्ञापन से अधिक आय हुई तथा सेवाओं पर बिना बुरा प्रभाव डाले खर्च में किफायत की गई। इस प्रकार पिछले वर्ष परिषद् द्वारा की गई समीक्षा के अच्छे परिणाम निकले।

25.3 शुल्क का पूंजीकरण

वर्तमान प्रचलित पद्धति के अनुसार एक्जीसिएट और फैलो सदस्यों से प्राप्त रु. 1,88,100 के प्रवेश शुल्क को पूंजीकृत कर दिया है। वर्ष के अन्त में पूंजीकृत राशि 20,37,025 रुपए थी।

25.4 रिजर्व और अधिशेष

वर्तमान प्रचलित पद्धति के अनुसार सावधिक जमा राशि पर अर्जित ब्याज की 2,58,669/- रुपए की राशि भवन रिजर्व लेखे में सीधे विनियोजित कर दी गई है। केन्द्रीय कार्यालय के भवन और बड़ौदा शाखा के भवन निर्माण की लागत 20,577 रुपए का पूंजी भुगतान सामान्य रिजर्व खाते में अंतरित कर दिया है। पिछले वर्ष के रु. 22,58,240 की तुलना में भवन रिजर्व की कुल राशि रु. 24,96,332 है।

25.5 सामान्य रिजर्व :

पिछले वर्ष जो सामान्य रिजर्व की कुल राशि 1,42,73,955 रुपए थी यह राशि अब बढ़ कर 1,56,36,204 रुपए हो गई है, इसमें व्यय से अधिक आय की 13,41,672 रु. की अधिशेष राशि और भवन रिजर्व से रु. 20,577 के अन्तरण की राशि जोड़ दी गई है जैसाकि पैरा 25.2 और 25.4 में कहा गया है।

स्थिति का सारांश : वित्तीय स्थिति का सारांश इस रिपोर्ट के परिशिष्ट 'ज' में सूचना के लिए दिया गया है।

26. लेखा परीक्षा :

कम्पनी सचिव अधिनियम, की धारा 18 (4) के अनुसरण में परिषद् ने मैसर्स डी के सेन गुप्ता एंड कं., चार्टर्ड एकाउण्टेंट्स, नई दिल्ली को 31 मार्च, 1989 को समाप्त वर्ष के लेखों की लेखा परीक्षा के लिए लेखा परीक्षक के रूप में पुनः नियुक्त किया। लेखा परीक्षक की रिपोर्ट तथा लेखों का विवरण यहां प्रकाशित किया जा रहा है।

27. भूमि और भवन का अतिरिक्त निर्माण :

27.1 उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् का भवन : प्रसाद नगर, करोल बाग, नई दिल्ली में एन.आई.आर.सी. के भवन के लिए भवन का

नक्शा अब दिल्ली विकास प्राधिकरण ने अनुमोदित कर दिया है और सितम्बर, 1989 तक सिविल ठेकेदारों को नियुक्त कर देने की आशा है और उम्मीद है कि 1989 के उत्तर अर्धांश में निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

28. कंपनी सचिव हितकारी निधि: 1976 में परिषद् द्वारा सोसाइटी के रूप में पंजीकृत की गई कंपनी सचिव हितकारी निधि के अब 31-3-1989 को 783 आजीवन सदस्य और 76 साधारण सदस्य हैं। इस वर्ष निधि के उपनियमों में संशोधन किया गया, जिससे साधारण सदस्यता समाप्त कर दी गई है और आजीवन सदस्यता की राशि सितंबर 1989 से 250 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए कर दी गई है। निधि के रिजर्व और अधिशेष की राशि 31 मार्च, 1989 को 4.78 लाख रुपए है। पूर्व प्रचलित पद्धति के अनुसार परिषद् ने इंस्टीट्यूट के पिछले राष्ट्रीय सम्मेलन की अधिशेष राशि में से 10,000 रुपए निधि में डालने का निर्णय किया है।

कर्मचारी कल्याण

29. इंस्टीट्यूट की परिषद् ने सदैव कर्मचारियों की कल्याण गतिविधियों को प्राथमिकता दी है, जिससे कर्मचारियों का मनोबल बना रहे और ऊंचा उठे। परिषद् ने गत समय में कर्मचारियों को अपना कर्मचारी क्लब, कर्मचारी सहकारी बचत और उधार समिति, कर्मचारी हितकारी निधि तथा कर्मचारी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी बनाने के लिए प्रेरित किया। 1980 में बनाई गई कोम्पसी को-आपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी को परिषद् ने पटपड़गंज (दिल्ली) दिल्ली में आवास यूनिटों के निर्माण के लिए 1.283 एकड़ का प्लाट डी.डी.ए. से खरीदने के लिए ऋण के रूप में वित्तीय सहायता दी थी। 1988-89 में सोसाइटी के सदस्यों द्वारा अन्य स्रोतों से ऋण प्राप्त करने के अलावा परिषद् ने 41 कर्मचारियों को मार्जिनल हाउस बिल्डिंग ऋण के रूप में 7,89,900 रुपए की और वित्तीय सहायता मंजूर की। आशा है कि सोसाइटी लगभग 1.15 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाली बिल्डिंग का काम दिसंबर 1989 तक पूरा कर लेगी।

30. आभार स्वीकृति

इंस्टीट्यूट द्वितीय निर्वाचित परिषद् के प्रति, जिसने अपना कार्यकाल 31-12-1988 को समाप्त किया है, उसके मूल्यवान योगदान के लिए अपनी गहन सराहना प्रस्तुत करती है। तीन वर्ष का यह कार्यकाल अत्यंत महत्वपूर्ण रहा और इस दौरान व्यवसाय तथा इंस्टीट्यूट ने व्यवसाय की मान्यता और विकास के क्षेत्र में, विशेष रूप से प्रोप्राइटरशिप कंपनी सचिवों के संबंध में पर्याप्त प्रगति की है। परिषद् केन्द्रीय सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों, विशेष रूप से कंपनी कार्य विभाग के प्रति उनके द्वारा संरक्षण, व्यवसाय को मार्गदर्शन प्रदान करने और इंस्टीट्यूट की गतिविधियों में अपना समर्थन देने के लिए आभार प्रगट करती है। क्षेत्रीय परिषदों और शाखाएं अपने क्षेत्र में व्यवसाय के विकास में और विशेष रूप से और अधिक विद्यार्थियों के पंजीकरण के काम में परिषद् को अपनी सहायता देती रहीं। सचिव तथा कार्यकारी निदेशक और उनके सचिवालय की टीम ने नए नियमों के अधीन कुशलतापूर्वक और सुचारु रूप से चुनावों का कार्य बहुत सराहनीय ढंग से किया तथा समीक्षाधीन वर्ष में उन्होंने बड़ी कुशलता से अपने कर्तव्यों का निर्वाह किया। हम इन सभी के प्रति अपनी सराहना प्रकट करते हैं।

नई दिल्ली; 7 सितम्बर 1989

कृते इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया की परिषद्
हस्ता/-
श्यामल सेन, अध्यक्ष

परिशिष्ट 'क'

1989 की स्थायी और अस्थायी समितियां

तथा संपादकीय सलाहकार बोर्ड

(1 जनवरी, 1989 को)

1. स्थायी अध्यक्ष

कार्यकारी समिति

1. श्री श्यामल सेन, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री डी. सी. जैन, वाइस-प्रेजीडेंट	सदस्य
श्री वी. के. मजीठिया, (सरकारी नामिती)	सदस्य
श्री डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
श्री ए. एन. नवारे	सदस्य

2. परीक्षा समिति

श्री डी. सी. जैन, वाइस प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री टी. वी. पद्मनाभन (सरकारी नामिती)	सदस्य
श्री एन. जे. एन. बजीफदार	सदस्य

3. अनुशासन समिति

श्री श्यामल जैन, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री वी. पी. गुप्ता, (सरकारी नामिती)	सदस्य
श्री बिपिन एम. आचार्य	सदस्य

2. अस्थायी समितियां

I. प्रशिक्षण तथा शिक्षा सुविधा समिति

श्री डी. सी. जैन, वाइस-प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री बी. पी. धनुका	सदस्य
श्री ए. एन नवारे	सदस्य
श्री पी. टी. रंगामणि	सदस्य
श्री हरीश के वैद	सदस्य
श्री एन. जे. एन. बजीफदार	सदस्य

II. व्यावसायिक विकास समिति

श्री श्यामल सेन, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री बिपिन एम. आचार्य	सदस्य
श्री बी. पी. धनुका	सदस्य
श्री ओ. पी. दानी	सदस्य
श्री एस. डी. इसरानी	सदस्य
श्री डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
श्री टी. वी. पद्मनाभन	सदस्य
श्री पी. टी. रंगामणि	सदस्य
श्री वी. पी. आर. विट्ठल	सदस्य

3. समन्वय समिति (आई. सी.ए.आई. तथा आई. सी. डब्ल्यू. ए. आई. के साथ समन्वय के लिए)

श्री श्यामल सेन, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री डी. सी. जैन, वाइस प्रेजीडेंट	सदस्य
श्री बी. पी. धनुका	सदस्य
श्री ओ. पी. दानी	सदस्य
श्री ए. एन. नवारे	सदस्य

4 सदस्यता उपरांत अर्हता पाठ्यक्रम कार्यान्वयन समिति

श्री श्यामल सेन, प्रेजीडेंट	अध्यक्ष
श्री एस. डी. इसरानी	सदस्य
श्री टी. वी. पद्मनाभन	सदस्य
श्री डी. के. प्रहलाद राव	सदस्य
श्री हरीश के वैद	सदस्य

III. संदर्श योजना ग्रुप (2000 ईसवी तक की एक संदर्श योजना की तैयारी के लिए)

श्री सी. आर. शाह	अध्यक्ष
श्री बी. एस. डोराइस्वामी	सदस्य
श्री एल. डी. इसरानी	सदस्य
श्री डी. सी. जैन	सदस्य
श्री पी. पी. मिस्त्री	सदस्य
श्री डी. के प्रहलाद राव	सदस्य
श्री श्यामल सेन	सदस्य
श्री टी. पी. सुब्बारमन	सदस्य

IV. संपादकीय सलाहकार बोर्ड (चार्टर्ड सेक्रेटरी के प्रकाशन के लिए)

श्री श्यामल सेन	अध्यक्ष
श्री दिलीप गोस्वामी	सदस्य
श्री यू. पी. माथुर	सदस्य
श्री टी. एन. पांडे	सदस्य
श्री पॉल जैसेफ	सदस्य
श्री जे. सी. सेठ	सदस्य
श्री हरीश के वैद	सदस्य
श्री टी. पी. सुब्बारमन	संपादक और संयोजक

V. कंपनी सचिवीय प्रेक्टिस मैनुअल के लिए सलाहकार ग्रुप

श्री सी. आर. शाह	अध्यक्ष
श्री डी. पी. धनुका	सदस्य
श्री डी. सी. जैन	सदस्य
श्री आर. रामचन्द्रन	सदस्य
श्री श्यामल सेन	सदस्य

परिशिष्ट 'ख'

क्षेत्रीय परिषदों की वर्ष 1988-89 की वार्षिक रिपोर्टों में दी गई गतिविधियों का सारांश

पूर्वी भारत क्षेत्रीय परिषद

समीक्षाधीन वर्ष में क्षेत्रीय परिषद ने कई लेक्चर, विचार गोष्ठियां और सम्मेलनों का आयोजन किया। 4 जून 1988 को कम्पनी संशोधन अधिनियम 1988 विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की। 'कारा उद्योग भविष्यवाणी, निरोध और निवारण' विषय पर एक विचार गोष्ठी 23 जुलाई 1988 को रखी गई तथा बी. एन सी सी आई के सहयोग से 17 सितंबर, 1988 को 'वार्षिक विवरणों का प्रमाणीकरण' पर एक विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई। इसके अलावा 'वित्त बिल' और विनिर्माण तथा अन्य कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 1989 विषयों पर क्रमश: 2 मार्च, 1989 और 30 मार्च, 1989 को बैठकें आयोजित की गई। "औद्योगिक उद्यमों की वित्त पूर्ति' विषय पर द्वितीय क्षेत्रीय सम्मेलन 18 और 19 नवंबर, 1988 को हुआ, जिसका उद्घाटन कंपनी विधि बोर्ड के सदस्य श्री ए. एम. चक्रवर्ती ने किया। "उत्तरदायी कंपनी सचिव के रूप में' विषय पर दो दिन का विद्यार्थी सम्मेलन 27 और 28 अगस्त, 1988 को आयोजित किया, जिसका उद्घाटन त्रिवेणी टिशूज लि. के तत्कालीन अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक डा. एन. सी. चौधरी ने किया। कंपनी विधि दिवस और विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गए। कलकत्ता रोइंग क्लब में वार्षिक बैठक और रात्रि भोज का आयोजन 6 अगस्त 1988 और 25 फरवरी, 1989 को हुआ। और विधान के वरिष्ठ भागीदार श्री डी. के. बासु 6-8-88 को मुख्य अतिथि थे जबकि 25-2-1989 को मेटल बाक्स इंडिया लि. के प्रबंध निदेशक श्री विनोद कृष्ण मुख्य अतिथि थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय के सहयोग से 30 अप्रैल, 1988 को एक कैरियर परामर्शदायी बैठक रखी गई। वर्ष के दौरान सदस्यों के लिए अध्ययन सर्किल बैठकें तथा विद्यार्थियों के मौखिक शिक्षण कक्षाएं नियमित रूप से आयोजित की गई।

वर्ष के दौरान मई 1988, अगस्त, 1988 और फरवरी 1989 में तीन सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्रीय परिषद् ने अपने पुस्तकालय को और बेहतर बनाया, रोजगार पाने के इच्छुक सदस्यों की समस्याओं को सुलझाने के लिए रोजगार उप समिति बनाई और उन्हें नौकरियां दिलाई गई। वर्ष के दौरान मासिक समाचार बुलेटिन नियमित रूप से प्रकाशित होता रहा।

क्षेत्र की सभी पांचों शाखाओं ने अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट दी और रांची शाखा को वर्ष 1987-88 का क्षेत्रीय सर्वश्रेष्ठ शाखा पुरस्कार प्राप्त हुआ।

उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् :

क्षेत्रीय परिषद् ने वर्ष के दौरान अनेकों गतिविधियों और कार्यक्रम अपने हाथ में लिए, जिनमें से उदयपुर में 10वीं शाखा का उद्घाटन भी शामिल है। इस परिषद् ने व्यावसायिक रुचि के विषयों पर नौ वार्ताएं रखीं, पुरस्कार वितरण समारोह, अभिनन्दन समारोह, आठ अध्ययन सर्किल बैठकों का आयोजन किया तथा दो सेमिनार—एक नई दिल्ली में 'कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1988' विषय पर तथा दूसरी शिमला में 'सार्वजनिक क्षेत्र में प्रबंध' विषय पर रखी गई। इसने 'कंपनी (संशोधन) अधिनियम' और 'प्रत्यक्ष कर विधि (संशोधन) बिल—प्रावधानों के कार्यान्वयन के संबंध में, 'विषयों पर 18 और 19 जुलाई 1988 को दो दिन की कार्यशाला का आयोजन किया तथा 5 और 6 नवंबर, 1988 को 'कार्पोरेट वित्त तथा स्टाक एक्सचेंज प्रचालन' पर दो दिन का क्षेत्रीय सम्मेलन रखा। 26-2-1989 को सदस्यों और विद्यार्थियों की वार्षिक आपसी मेल जोल की बैठक रखी गई।

विद्यार्थियों के लिए तीन सचिवीय डियूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम और 17 कैरियर परामर्शदायी लेक्चर-व-प्रदर्शनियां आयोजित की गई। उत्तरी भारत क्षेत्रीय परिषद् ने वर्ष में विद्यार्थियों के पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया, बल्कि वस्तुत: पंजीकरण लक्ष्य से भी अधिक बढ़ गया।

पुस्तकालय और मौखिक शिक्षण केन्द्रों दोनों में ही और अधिक सुविधाएं प्रदान की गई। पुस्तकों की संख्या बढ़ी तथा पुस्तकालय में और अधिक स्थान बढ़ाया गया। मौखिक शिक्षण कक्षाओं में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या एक रिकार्ड थी और विद्यार्थियों की एक पिकनिक 19-2-1989 को हुई।

सदस्यों और विद्यार्थियों दोनों के लिए ही रोजगार सेवा योजना चलती रही। 1989 में भवन निर्माण की परियोजना को चालू करने के लिए आवश्यक कार्य किया गया। एन. आई. आर. सी.—आई. सी. एस. आई. मासिक समाचार बुलेटिन नियमित रूप से प्रकाशित होता रहा और इसमें नए कालम बढ़ाए गए।

क्षेत्रीय परिषद् द्वारा पहले प्रायोजित कंपनी सेक्रेटरी सहकारी ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी ने अपनी औपचारिकताएं पूरी कर लीं और डी.डी.ए. से भूमि के आबंटन की प्रतीक्षा है।

एन.आई.आर.सी. के अधीन सभी दस शाखाओं ने अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट दी। शाखाओं की गतिविधियों में सुधार लाने के लिए दिल्ली में 22-1-1989 को शाखा—अध्यक्षों और एन.आई.आर.सी. के अध्यक्ष तथा सदस्यों के बीच एक बैठक आयोजित की गई। कानपुर शाखा को वर्ष 1987-88 के लिए तीसरी बार उत्तरी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शाखा घोषित किया गया।

दक्षिणी भारत क्षेत्रीय परिषद्

वर्ष के दौरान क्षेत्रीय परिषद् और इसकी घटक शाखाओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। क्षेत्रीय परिषद् ने 23 व्यावसायिक विकास कार्यक्रम रखे, इनमें पूरी तरह से एक कार्यक्रम सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पर रखा गया तथा मद्रास स्टाक एक्सचेंज के सहयोग से 'पूंजी बाजार और स्टाक एक्सचेंज प्रचालन' विषय पर एक अद्वितीय कार्यक्रम आयोजित किया।

"औद्योगिक विकास--चुनौतियां और अवसर" विषय पर 2 और 3 सितंबर, 1988 को क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लि., मद्रास के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री टी. वी. वेंकटरमन, आई. ए. एस. ने किया।

बड़े पैमाने पर कैरियर परामर्शदायी प्रदर्शनियों और वार्ताएं आयोजित की गई। दो कैरियर परामर्शदायी प्रदर्शनियां आयोजित की, जिनमें 4000 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से एक प्रदर्शनी एथीराज कालेज, मद्रास में हुई जो नगर के सभी कालेजों के लिए खुली थी और दूसरी प्रदर्शनी मद्रास विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित इनफार्मेक्स कार्यक्रम प्रदर्शनी थी। इसके अलावा महत्वपूर्ण नगरों में 15 से अधिक कैरियर परामर्शदायी वार्ताएं रखी गई।

क्षेत्रीय परिषद् ने इंटर और फाइनल परीक्षा के विद्यार्थियों के लिए मौखिक प्रशिक्षण कक्षाओं के 5 बैच आयोजित किए तथा तीन सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखे। भारत की स्वतंत्रता की 40वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में उत्तरी क्षेत्र के क्षेत्रीय परिषद् के भूतपूर्व अध्यक्ष और परिषद् के सदस्यों का अभिनन्दन करने के लिए विशेष समारोह रखा। जो लेक्चर बैठकें रखी गई उनमें जिन विषयों पर बल दिया गया वे हैं:--एकजीक्यूटिवों के लिए प्रबंध, कंपनियों द्वारा जमा राशियों की स्वीकार्यता, प्रदूषण नियंत्रण विधि, वार्षिक विवरणों प्रमाणीकरण, अनुचित व्यापार रीतियां आदि। पुस्तकालय में और अधिक पुस्तक लाई गई और मासिक समाचार पत्र नियमित रूप से प्रकाशित होता रहा। रोजगार सेवा योजना के अंतर्गत सम्भावी नियोजकों से प्राप्त मांगों का उत्तर दिया गया। समान्यतया शाखाओं ने अपनी गतिविधियों की रिपोर्ट दी।

वर्ष के दौरान एस. आई. आर.सी. की दो और शाखाएं--मंगलौर और पांडिचेरी शाखाएं--जुड़ गई हैं। नीलगिरी शाखा को प्रशासनिक सुविधा के लिए कोयम्बतूर शाखा में मिला दिया है। पांडिचेरी शाखा का उद्घाटन पांडिचेरी के मुख्यमंत्री श्री एम ओएच फारूक मेरीकार ने किया।

वर्ष 1987-88 के लिए क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ शाखा का प्रशस्ति प्रमाणपत्र बंगलौर शाखा को मिला।

पश्चिमी भारत क्षेत्रीय परिषद्

क्षेत्रीय परिषद् और इसकी घटक शाखाओं ने वर्ष के दौरान कई समूह चर्चाएं, लेक्चर बैठकें, अध्ययन सर्किल बैठकें कार्यशालाएं और ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किए। 'कार्पोरेट सेक्टर : अवसर और चुनौतियां' विषय पर बम्बई में 30 सितम्बर, 1988 और 1 अक्तूबर, 1988 को वार्षिक क्षेत्रीय सम्मेलन योजित किया गया। 25 मार्च, 1989 को इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष तथा अन्य नव निर्वाचित सदस्यों का अभिनन्दन करने के लिए एक का क्रम रखा गया, समारोह के बाद रात्रि भोज भी रखा गया।

सिडनाम कालेज ऑफ कामर्स एंड एकानिमिक्स, चर्च गेट तथा एन एम कालेज ऑफ कामर्स एंड एकनामिक्स, विले पार्ले के सहयोग से मौखिक शिक्षण की नियमित कक्षाएं चलती रहीं। इंस्टीट्यूट की इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले पश्चिमी क्षेत्र के विद्यार्थियों को क्षेत्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए। इंस्टीट्यूट की फाइनल परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थी के लिए चार सचिवीय माड्यूलर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखे गए। क्षेत्रीय परिषद् के 'फोकस' समाचार बुलेटिन को जुलाई, 1988 से मासिक बना दिया गया है। पुस्तकालय में और कई पुस्तकें जोड़ी गई। क्षेत्रीय परिषद् की रोजगार सेवा योजना का और अधिक सदस्यों तथा विद्यार्थियों ने लाभ उठाया।

आठ शाखाओं में से अहमदाबाद शाखा को लगातार तीसरी बार पश्चिमी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ शाखा घोषित किया गया तथा अखिल भारतीय आधार पर राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ शाखा भी चुना गया तथा इसे वार्षिक चल शील्ड प्राप्त हुई। क्षेत्रीय परिषद् ने बड़ौदा शाखा को पश्चिमी क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सहभागी घोषित किया।

क्षेत्रीय परिषदों की वित्तीय स्थिति और

विद्यार्थियों तथा सदस्यों की संख्या

